दिन—मंगलवार दिनांक— 16 / 04 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— अपराह्न 03:50 बजे से। अवधिः— 05 मिनट

राज्य में लोकसभा चुनाव के पहले और दूसरे चरण की नौ संसदीय सीटों पर चुनाव प्रचार तेज हो गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज गया में एनडीए प्रत्याशी हम पार्टी के जीतन राम मांझी के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल अपने राजनीतिक लाभ के लिए संविधान को हथियार की तरह इस्तेमाल करने का प्रयास कर रहे हैं। गया के गांधी मैदान में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि विपक्षी दलों की ओर से लोगों को गुमराह करने के लिए यह झूठ गढ़ा जा रहा है कि भारतीय जनता पार्टी संविधान बदल देगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि कोई भी संविधान नहीं बदल सकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने संविधान की सच्ची भावना को लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है और इसके लिए देश में राष्ट्रीय संविधान दिवस मनाने की परंपरा शुरु की गई है।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इंडी गठबंधन के नेताओं पर सनातन धर्म का अपमान करने का भी आरोप लगाया। श्री मोदी ने कहा कि राजद जंगल राज और भ्रष्टाचार का चेहरा है। श्री मोदी ने पूर्णिया में भी एक अन्य चुनावी जनसभा को संबोधित किया। प्रधानमंत्री नेयहां विपक्ष पर वोट बैंक की राजनीति करने और सीमांचल पूर्णिया क्षेत्र में अवैध घुसपैठ की अनुमति देकर सुरक्षा के साथ समझौता करने का आरोप लगाया।

———————————————————————

प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण की पांच संसदीय सीटों झंझारपुर, सुपौल, अररिया, मधेपुरा और खगड़िया में नामांकन का कार्य चल रहा है। आज सुपौल संसदीय सीट से एनडीए प्रत्याशी के तौर पर जदयू के दिलेश्वर कामत ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस अवसर पर जदयू के वरिष्ठ नेता और मंत्री बिजेन्द्र यादव समेत एनडीए के कई नेता मौजूद थे। इन सभी सीटों पर उन्नीस अप्रैल तक नामांकन किया जा सकता है। मतदान सात मई को होगा।

———————————————————————

औरंगाबाद लोकसभा क्षेत्र में उन्नीस अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर जिला प्रशासन ने रन फॉर वोट का आयोजन किया। इस दौरान आम लोगों से मतदान में बढ़–चढ़ कर भाग लेने की अपील की।

———————————————————————

जमुई लोकसभा क्षेत्र के मुंगेर जिले में पड़ने वाले तारापुर विधानसभा क्षेत्र में नक्सल प्रभावित बूथों पर अर्द्धसैनिक बलों की तैनाती की जायेगी। यह जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अवनिष कुमार सिंह ने दी है।

———————————————————————

अररिया जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी के दौरान कई मामलों में फरार तेईस वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से एक पिस्तौल एक लाख रूपये नकद और शराब बरामद की गयी।

———————————————————————

संघ लोक सेवा आयोग– यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा दो हजार तेईस का अंतिम परिणाम घोषित कर दिया है। आईआईटी कानपुर के छात्र आदित्य श्रीवास्तव पहले स्थान पर रहे हैं। वहीं, अनिमेष प्रधान दूसरा जबकि दोनुरू अनन्या रेड्डी ने तीसरे स्थान प्राप्त किया है। अब तक प्राप्त जानकारी के अनुसार औरंगाबाद के विरूपाक्ष सिंह उनचासवें स्थान पर रहे हैं। परीक्षा में सफलता प्राप्त करने वाले पच्चीस शीर्ष उम्मीदवारों में दस महिलाएं और पंद्रह पुरुष शामिल हैं।

———————————————————————

पटना के कंकड़बाग थाना क्षेत्र के न्यू बाईपास पर आज सुबह एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मृत्यु हो गई और दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार राम लखन सिंह मार्ग पर सवारियों को ले जा रहा एक आटोरिक्शा मेट्रो रेल परियोजना की क्रेन से टकरा गया। हादसे में चार लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दुर्घटना में मारे गये मृतकों के प्रति गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने घायलों के समुचित इलाज के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये हैं।

———————————————————————

फिल्म अभिनेता सलमान खान के मुम्बई स्थित बंगले पर फायरिंग के मामले में शामिल दो आरोपियों को मुम्बई पुलिस ने गुजरात के कच्छ शहर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार शूटर विक्की कुमार और सागर कुमार पश्चिम चम्पारण जिले के गौनाहा थाना क्षेत्र अन्तर्गत मसही गांव के रहने वाले हैं।

———————————————————————

चैत्र नवरात्र के आठवें दिन आज देवी दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा–अर्चना की जा रही है। मान्यता है कि देवी के महागौरी स्वरूप की आराधना से भक्तों को सुख–सौभाग्य की प्राप्ति होती है तथा उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माँ का यह स्वरूप अभय, रूप और सौंदर्य प्रदान करने वाला होता है।

———————————————————————————

राजधानी पटना समेत प्रदेश के अधिकतर भागों में मौसम शुष्क और उष्ण बना हुआ है। राज्य के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान चालीस डिग्री सेल्सियस के ऊपर पहुंच गया है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार पिछले चौबीस घंटों के दौरान शेखपुरा राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा, जहां का अधिकतम तापमान इकतालीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।